Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 08-07-2022 | अंक 278

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# कैलाश प्रजापति हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विश्वकर्मा मंदिर में हुई आक्रोश बैठक

## प्रजापति समाज का प्रशासन को चेतावनी, आरोपियों की गिरफ्तार करें नही तो होगा आंदोलन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विरोध प्रदर्शन करते प्रजापति समाज के लोग

देहर मिवसी कैलाश प्रजापति उर्फ कैलू प्रजापति हत्याकांड में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अनुमंडल स्तरीय प्रजापति समाज की आक्रोश बैठक वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रजापति समाज के संरक्षक देवधरी प्रजापति एवं संचालन चौपारण प्रजापति समाज के रामावतार प्रजापति ने किया। बैठक में कैलू प्रजापति हत्याकांड की कड़ी निंदा करते हुए हत्याकांड के आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की है। आक्रोश बैठक में देहर के ग्रामीणों ने बताया कि कैलू प्रजापति का आरोपियों के साथ पैसे का लेंन देन के मामला पता चल रहा है। पैसे की मांग के वजह से उन्हें आरोपियों के द्वारा धमकी दिया जा रहा था। संदेह जताया जा रहा है कि बकाया पैसे की मांग के कारण ही कैलू प्रजापति की हत्या कर दिया गया। मौके पर निर्णय लिया गया कि यदि प्रशासन दो दिनों के अंदर हत्या के आरोपियों की गिरफ्तार नही करती है, तो हम प्रजापति समाज के लोग सड़क पर उतरेंगे। थाना एवं एसडीपीओ कार्यालय का घेराव करेंगे। देवधारी प्रजापति ने कहा कि हत्या के आरोपियों को हर हाल में गिरफ्तार करना होगा। संयोजक गोपाल पंडित ने कहा कि साजिश के तहत कैलू प्रजा. पति की हत्या की गई है।। मौके पर रंजीत कुमार प्रजापति ,अरुण कुमार प्रजापति, किशोर कुमार प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, रविंद्र कुमार, मुनेश पंडित, गणेश प्रजापति ,शिव कुमार पंडित ,ननकू प्रजापति, गमन प्रजापति, राहुल प्रजापति ,उमेश प्रजापति, सुधीर प्रजापति ,प्रकाश प्रजापति ,अमित कुमार पंडित बाबूलाल प्रजापति, अशोक प्रजापति ,गिरधारी प्रजापति, विक्रम कुमार ,अरविंद कुमार ,संजय प्रजापति, संजीत कुमार ,मारू प्रजापति ,नंदकिशोर प्रजापति, बालेश्वर प्रसाद प्रजापति उत्तम प्रजापति गोपाल पंडित गिरधारी प्रजापति, अशोक प्रजापति ,मुकेश पंडित, संजय प्रजापति, निर्मल पंडित ,कामदेव प्रजापति सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

## भामाशाह विद्यालय के 250 विद्यार्थियों को मिला कोविड वैक्सीन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कोविड वैक्सीन लेते भामाशाह विद्यालय के बच्चे

गया रोड़ बरही स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अनुमंडल अस्पताल बरही की ओर से कोविड -19 का टीकाकरण शिविर लगाया गया। जिसमें 12 वर्ष से ऊपर और 15 वर्ष से ऊपर के भैया/बहनों को टीका दिया गया। इस टीकाकरण शि. विर में कुल 250 भैया/बहनों को टीकाकरण का लाभ प्राप्त हुआ। 12 वर्ष से ऊपर के 200 भैया बहनों को क०र्बेवैक्स तथा 15 वर्ष से ऊपर के 50 भैया बहनों को कोवैक्सिन का टीका लगाया गया। यह टीकाकरण शिविर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी की देखरेख में संपन्न हुई। टीकाकरण लगाने में अनुमंडल अस्पताल की ओर से संजू राणा, गुलशन परवीन, सूरज कुमार और विजय कुमार की विशेष भागीदारी रही। इसके अलावा इस टीकाकरण शिविर में विद्यालय के दीदी जी और आचार्य जी ने अपना भरपूर सहयोग दिया।

## पुस्तक वितरण सह नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि स्वागत कार्यक्रम का आयोजन

### 224 बच्चों के बीच पुस्तक का वितरण, विद्यालय विकास पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




पुस्तक वितरण करते अतिथिगण

उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर के प्रांगण में शुक्रवार को पुस्तक वितरण सह नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधि का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यपक डॉ सुनील यादव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य मंजू देवी, खोड़ाहर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, खोड़ाहर उप मुखिया रोहित यादव तथा आमन्त्रित अतिथि वार्ड सदस्य शिवनाथ यादव,मुद्रिका देवी, राम प्रवेश यादव, प्रकाश यादव,उमेश भुइँया उपस्थित हुए। सभी को विद्यालय परिवार की ओर से माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ सुनील यादव ने विद्यालय विकास की एक रूप रेखा प्रस्तुत की। प्रखंड प्रमुख ने विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास के लिए हर सम्भव मदद करने की बात की। जिला परिषद सदस्य तथा मुखिया ने शिक्षकों और अभिभावकों को अपने दायित्वों के प्रति सचेत रहने की बात की। अतिथियों का स्वागत शिक्षिका रश्मि द्विवेदी व आभार प्रदर्शन मध्य विद्यालय के प्रभारी अरुण कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन शिक्षक विजय कुमार दास ने किया। कार्यक्रम में दशम वर्ग के 50 छात्राओं को तथा कक्षा 1 से 8 तक के कुल 224 छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष महेश सिंह,प्रबंधन कमेटी के सदस्य श्याम राम, शिक्षक फ़ैयाज़ आलम, विक्रम प्रजापति, दिलेश्वर प्रसाद, किरण देवी, आरती देवी, संजू देवी उपस्थित रहीं।

## कस्तूरबा विद्यालय में अध्ययनरत बच्चियों के अभिभावकों को मिला पहचान पत्र

### स्कूल आने पर अभिभावकों को दिखानी होगी पहचान पत्र : नेहा कुमारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पहचान पत्र सौपते वार्डन एवम मुखिया

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बरसोत में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता मुखिया मोतीलाल चौधरी एवं संच. ालन वार्डन नेहा कुमारी ने किया। बैठक में सुरक्षा को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर सभी अभिभावक को मुखिया मोतीलाल चौधरी के द्वारा पहचान पत्र दिया गया । विद्यालय प्रबंधन के द्वारा बताया गया कि बच्चो से मिलने और छुट्टी कराते समय पहचान पत्र साथ में लाना अनिवार्य होगा। साथ ही सभी अभिभावक को यह बताया गया कि अनावश्यक छुट्टी के लिए विद्यालय में दबाव ना बनाएं। वार्डेन नेहा कुमारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में निरंतर विकास के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। विद्यालय की सुरक्षा एवं बच्चियों की सुरक्षा को देखते हुए अभिभावकों को पहचान पत्र दिया गया।इस बैठक में वार्डन नेहा कुमारी , मो. तिलाल चौधरी, ज्योति वर्मा , लेखापाल फरहा अतहर, सुषमा टोप्पो , अविनाश गौतम , अनिल कुमार , अशोक कुमार, पिंकी कुमारी, संयुक्ता सिंह, मधु भारती, विदयालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष गीता देवी, सुनीता देवी, प्रभाकर पाठक, मिनी कुमारी , बबीता कुमारी गणेश कुमार,पिंटू प्रजापति समेत सैंकड़ों अभिभावक उपस्थित थे

## पंचमाधव पंचायत भवन में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत भवन में शुक्रवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आइक०निक वीक सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया नीलम देवी ने की। वहीं मुखिया नीलम देवी ने बताया की आजादी के अमृत महोत्सव का अर्थ आजादी की ऊर्जा का अमृत है। यानी स्वंत्रता सेनानियों की स्वाधीनता का अमृत । आजादी का अमृत महोत्सव का मतलब नए विचारों का अमृत। नए संकल्पों का अमृत और आत्मनिर्भरता का अमृत है। बैठक में पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, रोजगार सेवक कोलेश्वर प्रजापति, उपमुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, स्वयंसेवक सिकंदर पंडित, नागेश्वर कुमार, देवन्ति देवी, पूनम देवी, घनश्याम सिंह, वार्ड प्रतिनिधि उमेश यादव,अजय राणा, मनोज यादव, अनिल दास सहित पंचायत के शिक्षक एवं आंगनबाड़ी सेविका मौजूद थी।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## 25लाख का ईनामी हार्डकोर नक्सली नंदलाल मांझी चढ़ा गिरिडीह पुलिस के हत्थे

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



नया समाहरणालय भवन पपरवाटांड़, गिरिडीह में गिरिडीह पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत पिरटांड़ थाना क्षेत्र से गिरिडीह पुलिस ने भाकपा माओवादी स्पेशल एरिया कमिटी सदस्य व कुख्यता हार्डकोर नक्सली नंदलाल मांझी उर्फ जुनुई सोरेन उर्फ हितेश उर्फ पवित्र उर्फ विजय दा उम्र 55वर्ष को गिरफ़्तार करने में सफलता पाई है। नंदलाल मांझी पर झारखंड पुलिस ने 25लाख का ईनाम घोषित कर रखा था। नंदलाल मांझी की गिरफ्तारी गिरिडीह पुलिस के लिए बडी सफलता है। नंदलाल मांझी पिरटांड प्रखंड के खुखरा थाना अन्तर्गत जोनराबेड़ा गांव का निवासी है । गिरफ़्तारी के बाद उसने गिरिडीह जिला में छः कांडो और दुमका जिला के 26कांडो में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। गिरिडीह पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सली नंदलाल मांझी गांव कोडाडीह आया हुआ है। सुचना के आधार पर गिरिडीह ज़िला के वरीय पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया जिसमे जिला पुलिस के पुलिसकर्मियों के अतिरिक्त सैट बल का उपयोग किया गया। इस संदर्भ में अभियान में निकले सीआरपीएफ बल को अलर्ट किया गया तथा बैकअप के रुप में रहने का आदेश दिया गया था। तदोपरांत उपरोक्त गठित टीम के द्वारा कोडाडीह गांव में आवश्यक एहतियात बरतते हुए छापेमारी किए तथा एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में हिरासत में लेने के बाद स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से उसकी पहचान हितेश उर्फ नंदलाल उर्फ विजय दा के रुप में हुई जिसे पिरटांड थाना कांड संख्या 51/2020में गिरफ़्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि गिरफ़्तार नक्सली नंदलाल मांझी के विरुद्ध झारखंड सरकार के पत्र संख्या 18/आ. स्ु.(05)/2015, 606दिनांक23/02/2020 के माध्यम से 25लाख रुपए का इनाम घोषित है। पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि हितेश उर्फ नंदलाल मांझी की गिरफ्तारी के लिए पूर्व में भी गिरिडीह जिला पुलिस तथा सीआरपीएफ बल के द्वारा कई बार छापामारी की गई थी परंतु वह भाग निकला था। बोकारो जिला के मुठभेड़ मामले में बरामद लेपट०प में भी हितेश उर्फ नंदलाल मांझी तथा उसकी पत्नी चांदमुनी मुर्मू के संबंध में कई तथ्यों की जानकारी झारखंड पुलिस को हाथ लगी थी। गिरफ़्तार नक्सली नंदलाल मांझी मुख्यतः दुमका क्षेत्र में सक्रिय था तथा एसएसी मेंबर था। इन्होंने 2014के दौरान छः मतदान कर्मी/पु. लिसकर्मी की हत्या कांड में भी संलिप्त रहने की बात स्वीकारी है। इसके पूर्व नन्दलाल मांझी कभी गिरफ़्तार नही हुआ था जबकि इसकी पत्नी नक्सली चांदमुनी मुर्मू दुमका जिला के तीन कांडों में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ़्तार होकर दुमका जेल में रह रही है। इसका भतीजा चमन उर्फ लंबू भी कुख्यात नक्सली है जो सारंडा थाना क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा उस पर भी 25लाख का इनाम घोषित है। पिरटांड थाना कांड संख्या 51/2020में इनके दस्ता के प्रशांत मांझी, सुधीर किस्कू उर्फ सुलेमान तथा प्रभा दी, एक सैंतालीस, रायफल, कार्बाइन के साथ पकड़े गए थे और यह भागने में सफल रहा था। आज के इस प्रेस क०न्फ्रेंस में डुमरी थाना प्रभारी आदिकांत महतो, अचुत्य आनंद, सोमा उरांव, शशि सिंह, शहजाद आलम, बसंत टोप. पो समेत कई अन्य आईआरबी जवान शामिल थे।

## अफीम माफियाओं के खिलाफ चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



चतरा :– पथलगडडा थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है।पुलिस कप्तान राकेश रंजन को गुप्त सुचना मिली की एक व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से ब्राउन सुगर की खरीद विक्री करने वाला है। सुचना का पुष्टि के बाद सिमरिया के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी अशोक रविदास के नेतृत्व में थाना प्रभारी पु अ नि बमबम कुमार पत्थलगड्डा, स अ नि दिलीप यादव एवं सशस्त्र बल के साथ प्रस्थान किया, इस दौरान एक पुरुष ग्राम लेम्बोईया मंदिर के समीप होटल के पास खड़ा था।पु. लिस वाहन को देखकर कर भागने का प्रयास करने लगा तो पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के द्वारा पकड़ा गया।नाम पता पुछने पर अपना नाम मनीष कुमार निराला पिता महेन्द्र राम उम्र 32 वर्ष ग्राम बरवाडीह ( टोला शितलपुर) थाना पत्थलगड्डा जिला चतरा को पकड़ा गया।इस संबंध में पत्थलगड्डा थाना कांड संख्या 29/22 दिनांक 08.07.2022 धारा 21/22/25/27/29 एनडीपीएस दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। जब्त सामान– 1. ब्राउन सुगर जैसा पाउडर– 500 ग्राम, 2. दो मोबाईल गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मनीष कुमार निराला,पिता : महेन्द्र राम ,उम्र 32 वर्ष ग्राम बरवाडीह ( टोलाः शितलपुर) पथ्थलगड़ा छापामारी दल मे ये लोग थे शामील अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी ,सिमरिया, अशोक रविदास,1. थाना प्रभारी पु0 अ0 नि0 बमबम कुमार,2. स0 अ0 नि0 दिलिप यादव ,3. सशस्त्र बल के आ0 428 रोहित कुमार, आ0 405 भरत कुमार भारती आ0 140 अजय कुमार महतो आरक्षी 972 देवनारायण महतो एवं हवलदार 175 पुरन चन्द पासवान शामिल थे।

## बरकट्ठा में हुई हत्या में शामिल हत्यारों के गिरफ्तारी के लिए मृतक के परिजनों ने बरही एसडीपीओ को दिया आवेदन





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरकट्ठा रीतलाल ठाकुर पिता स्व बिशुन ठाकुर ग्राम बरवा पोस्ट बरवा थाना बरकट्ठा निवासी ने शुक्रवार को बरही अनुमंडल पुलिस अधिकारी को आवेदन देते हुए कहा की बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 117/2022 के सूचक एवं मृतक संजय ठाकुर का पिता हूं। विशेष बात यह है की घटना उपरांत मैं बहुत सदमे में था। मेरा बेटा संजय ठाकुर का प्रेम प्रसंग एक माह से मोबाइल फोन के माध्यम से अनीता कुमारी पिता भुनेश्वर नायक के साथ चल रहा था, घटना के पूर्व सोची समझी साजिश के तहत अनीता कुमारी एवं बरकट्ठा थाना कांड संख्या 117/ 2022 के सभी अभियुक्त वा अन्य लोगो के द्वारा मेरे बेटा को फोन कर अनीता कुमारी ने अपने घर गंगपाचो नायक टोला बुलाकर निर्मम तरीके से दोनो आंख फोड़कर, गला दबाकर एवं दोनो हाथ तोड़कर हत्या कर शव को जानबूझकर कुंआ में डाल दिया। वहीं उन्होंने आवेदन देते हुए कहा की बरकट्ठा थाना कांड संख्या 117/2022 के सभी अभियुक्त एवं घटना में शामिल अनीता कुमारी को अतिशीघ्र गिरफ्तार करे। साथ ही अनुसंधान में में अन्य लोगो की भूमिका प्रतीत होती है। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाए। मौके पर मौके पर राष्ट्रीय नाई महासभा के महासचिव रमेश ठाकुर, छोटन ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, उपेंद्र माली, गोपी मंडल प्रसाद, ज्ञानी प्रसाद, गोपाल प्रसाद पूर्व मुखिया, नारायण प्रसाद, विनोद प्रसाद, टहल महतो, त्रिलोकी ठाकुर, चेतलाल ठाकुर, विनोद ठाकुर, उमेश ठाकुर, इंद्रदेव प्रसाद, गोपाल ठाकुर, राजेश ठाकुर, संतोष ठाकुर, छोटी ठाकुर, शंकर ठाकुर एवं लालमणि ठाकुर मौजूद थे।

## थाना परिसर में बकरीक को लेकर शांति समिति की बैठक

### अफवाहों पर धयान नही दे, आपत्तिजनक पोस्ट से बचे : डीएसपी



मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्योहारों में एक बकरीक को शान्तीपूर्ण व सौहार्द वातारण में मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्यरूप से बरही एसडीओ पूनम कुजूर, डीएसपी नाजीर अख्तर, प्रमुख पूर्णिमा देवी आदि जा प्रतिनिधियों, सामाजिक व राजनीतिक लोगों के साथ बैठक किया गया। बैठक के दौरान आगमी बकरीक को शान्तीपुर्ण तरीके से मनाने को लेकर उपस्थित लोगों ने कई सुझाव दिया। एसडीओ ने कहा कि आपसी भाईचारगी के साथ त्योहार को मनावे। डीएसपी नाजीर अख्तर ने कहा कि अफवाहों से बचे व सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचे। डीएसपी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील किया कि प्रतिबंधित पशु का बलि ने दे। पर्व के दौरान स्वच्छता पर विशेष धयान दें। प्रमुख पूर्णिमा देवी ने कहा कि चौपारण वासी अमन चौन का मिशाल पेश करे। सर्किल इंस्पेक्टर ने कहा कि किसी तरह का कोई मेसेज या अफवाह ग्रुप में आता है उसकी सूचना पुलिस को दे न कि अन्य ग्रुप में फ०रवर्ड करें। मौके पर जीप सदस्य रवि यादव, राकेश रंजन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, मानगढ़ मुखिया अर्जुन पांडेय, मुखिया बिरेन्द्र रजक, चौथी मुखिया गुलाबी यादव, सिंघरावां मुखिया संतोष सिंह, भगहर मुखिया कृष्णा रविदास, रामपुर मुखिया सुनीता देवी, ताजपुर के पूर्व मुखिया शौकत खान, मुखिया प्रतिनिधि हेलाल अख्तर, अभिमन्यु भगत, प्रमेश्वर साव, विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, समाजसेवी बैजू गहलोत सहित अन्य।

APEM
LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## अमौली अपूर्वा स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

### अमौली के बच्चों ने प्रत्येक वर्ष मैट्रिक में अपने प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रौशन किया : मुखिया

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



नव भारत जागृति केंद्र बहेरा चौपारण द्वारा संचालित अमौली अपूर्वा उच्च विद्यालय मानगढ़ में प्रतिभा सम्मान सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि विद्यालय अध्यक्ष सह मानगढ़ मुखिया अर्जुन पांडेय, राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित शिक्षक डॉ बालेश्वर राम, पंचायत समिति सदस्य जनार्दन सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि छोटू चनद्रवंशी सहित अन्य। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मदन साव ने किया। इस दौरान मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉपरो को मेडल व प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया अर्जुन सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी अमौली के बच्चों ने अपने प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रौशन किया है। प्राचार्य दयानद सिंह ने विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षको के प्रसंशा करते हुए कहा कि इनके मेहनत का परिणाम है कि आज हमारे विद्यालय के बच्चे हरेक क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रहे है। मैट्रिक उतीर्ण बच्चों ने भी अपना अपना अनुभव साझा करते हुए विद्यालय प्रबंधन का सराहना किया। सभी सफल बच्चो को एनबीजेके संस्था सचिव गिरजा सतीश, प्रबंधक गंदर्भ गौरव ने बच्चो के भविष्य की शुभकामनाएँ दिया। मौके पर शिक्षक अंबिका सिंह, कामदेव राणा, मदन कुमार साव, सचिंद्र पांडेय, सुनीता तिर्की, नवनीत कुमार, नवनीत कुमार, राजेश कुमार, उमाशंकर प्रसाद, चंदन कुमार, विद्यालय के सदस्य रामचंद्र राम, सुरेश राम आदि उपस्थित रहे।

## सर्पदंश के बीच अंधविश्वास और झाड़ फुक ने ले ली संतोषी गंझू की जान

### जिप सदस्य प्रतिनिधि दीपक करमाली ने लोगों को जागरूक कर मृतक के परिवार को किया आर्थिक मदद

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : पंचायत गरसुला के ग्राम लूरंगा में संतोष गंझू पिता भिखू गंझू की मृत्यु पिछले दिनों करेंट सांप के काटने से हो गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह घटना अंध विश्वास एवं झाड़ फूंक के कारण घटी। जहां मौके पर पहुंच बड़कागांव पुर्वी जिला परिषद् सदस्य गीता देवी पति दीपक करमाली ने ग्रामिणों को जागरूक करते हुए समझाया कि भविष्य में ऐसी घटनाएं सामने आए तो जैसे किसी प्रकार का जहरीले जानवर,सांप, बिच्छू इत्यादि के काटने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर उचित इलाज करवा कर मरीज की जान बचाएं ना कि झाड़-फूंक में समय गवाएं । झाड़ - फूंक के अंधविश्वास पर भरोसा ना करें। डॉक्टर के पास ले जाने के लिए कोई सुविधा ना हो तो तुरंत हमें सुचना दें ताकि उन्हें तुरंत व्यवस्था कर हॉस्पिटल पहुंचाया जाएगा।दीपक करमाली ने आगे कहा कि समय रहते अस्पताल ले जाया जाता तो संतोष गंझू की जान बचाया जा सकता था। संतोष गंझू घर का एकलौता बेटा था । मृतक संतोष गंझू आपने पीछे बुढ़ा बाप, पत्नी मंजू देवी, 3 वर्ष का बेटा एवं 1 वर्ष की बेटी को छोड़ गए हैं। तत्पश्चात मृतक संतोष गंझू के परिवार की गरीबी को देखते हुए जिप सदस्य गीता देवी के प्रतिनिधि दीपक करमाली ने मृतक की पत्नी मसोमात मंजू देवी को दसकर्मा के लिए चवाल आटा तेल दाल इत्यादि समान सहयोग किए और बोले कि कभी भी कोई दिक्कत हो तो अवश्य रूप से जानकारी दें। हम आपके हर स्थिति सुख दुःख में सहयोग करने के लिए तैयार हैं,मौके पर उपस्थित दीपक करमाली, सोनू महतो, कैलाश महतो, दिनेश साव, जैक्बस सोरेन,भिखू गंझू, अच्छीन्दर गंझू, सहदेव सिंह, छोटन सिंह, सहदेव गंझू, जिरवा देवी, मसोमत पोकली, मसोमत पार्वती, सुमन देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## आइकॉनिक वीक के तहत राजपुर एवं चारु तथा जमरी बक्सपुरा पंचायत में हुआ ग्राम सभा

### सरकारी योजनाओ का प्रचार प्रसार का लिया गया निर्णय

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :प्रखण्ड के राजपुर पंचायत सचिवालय, चारु एवं जमरी बक्सपुरा पंचायत सचिवालयों में सम्बंधित पंचायत के मुखियाओं ने की अध्यक्षता में आइक०निक वीक को लेकर आम सभाओं का आयोजन किया गया।आम सभा मे जल सहिया, सहिया दीदी,आंगनबाड़ी सेविका,सहायिका,सभी स्कूल के सचिव, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित हुए।उपस्थित लोगो को मुखियाओं ने कहा कि जितना भी सरकार द्वारा कल्याणकारी योजना चल रहा है उसका प्रचार प्रसार एवं शिक्षा पर विशेष फोकस करने एवं कोविड से बचने का प्रचार प्रसार करना है।राजपुर में मुखिया विकास कुमार उर्फ छोटु सिंह,चारु में रवीना देवी,जमरी में आफताब हुसैन आदि मौजूद थे।

## जिप सदस्य शेख तैयब ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने शुक्रवार को सिरैय पंचायत में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तैयार हूं। किसी भी जनसमस्या की सूचना दें, उसके त्वरित निष्पादन करने का प्रयास किया जाएगा। कहा कि पंचायत के बड़ी आबादी कई दिनों से अंधेरे में रहने को विवश थे। इसके अलावा उन्हें कई तरह की परेशानी हो रही थी। लोगों का मोबाइल भी चार्ज करना मुश्किल हो रहा था। ग्रामीणों की सूचना पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। इस ट्रांसफार्मर के उद्घाटन के बाद लोगों को सुचारू रूप से बिजली मिलने लगेगी। मौके पर मुखिया हेमंती देवी, डेगलाल महतो, नागेश्वर महतो, सुकरी देवी, नरेश महतो समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सुदूरवर्ती क्षेत्र के बिरहोर परिवारों से मिले प्रखंड विकास पदाधिकारी और मुखिया





**अपेम लाइव : गांवा मोजाहिद अली**

गावां, गिरिडीह : शुक्रवार को गांवा प्रखंड अंतर्गत गांवा पंचायत के पियरक. ोली में रह रहे बिरहोर परिवारों से मिलने प्रखंड विकास पदाधिकारी महेन्द्र दास व स्थानीय मुखिया कन्हाय राम पहुंचें। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी महेंद्र दास ने बताया कि हम लोग को जिला से निर्देश आया है कि बिरहोर परिवारों के गृहस्थल को सड़क से जोड़ना है। इसके लिए हम लोग सड़क का सीमांकन करने आए है। अगर सड़क के लिए जमीन मिल जाएगा तो सड़क की स्वीकृति दी जाएगी। साथ ही उन्होंने उनके आवासों का भी जायजा लिया।

**स्वीकृति के कई वर्ष होने के बावजूद भी नहीं बना आवास**

बताया जाता है कि विगत कई वर्ष पूर्व ही दो आवासों की स्वीकृति हो जाने के बाद भी आज तक आवास नही बना है। बिरहोर आज भी लकड़ी पत्तों से बने झोपड़ी में ही रहने पर मजबूर हैं। इधर सूचना है कि आवास का प्रथम किस्त भी लाभुको के खाते में भेज दिया गया था लेकिन आवास का कार्य क्यों नही चालू किया गया है इसका पुख्ता जानकारी नहीं मिली है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि इनको मिलें भूमि को चिन्हित कर बिरसा आवास योजना से लाभ दिलवाया जाएगा। मौके पर मुखिया कन्हाय राम, पंचायत सचिव प्रभु हाजरा, कनिष्ठ अभियंता सुनील मंडल, उप मुखिया प्रतिनिधि विशाल राणा, सामाजिक कार्यकर्ता, नरेश राणा, वार्ड सदस्य अजीत पांडे आदि कई लोग उपस्थित थे।

## महिला स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को समारोह आयोजित कर किया सम्मानित





**अपेम लाइव :गिरीडीह बजरंगी महतो**

गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत सदर प्रखंड के पंचायत सेनादोनी स्थित धनयडीह सामुदायिक भवन में शुक्रवार 08जुलाई को धनयडीह आजीविका महिला ग्राम संगठ्न का कार्यालय उद्घाटन सह महिला स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सेनादोनी पंचायत समिति सदस्य दीपक राम व विशिष्ट अतिथि के रुप में संकुल समन्वयक भीम कुमार , हेमलाल साव, प्रशिक्षिका सरिता देवी व मोहिनी देवी, वार्ड सदस्य बसंती देवी, ग्राम संगठ्न अध्यक्ष रीना देवी ,सचिव सुनिता देवी ,कोषाध्यक्ष मुन्नी देवी सक्रिय सदस्य वीणा वर्मा ने संयुक्त रुप से धनयडीह आजीविका महिला ग्राम संगठ्न कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की संचालन संगठ्न पुस्तकालय सहायिका मंजु शर्मा ने किया। मौके पर संगठ्न से जुड़े सभी उपसमितियो के अध्यक्ष सचिव व कोषाध्यक्ष मुख्य रुप से उपस्थित हुए । संगठ्न से जुड़े सभी महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया एवं अपने अपने अनुभव और विचार को प्रस्तुत किए । वक्ताओं ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संगठ्न से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं जागरुक हो , स्वावलंबी हो, आत्मनिर्भर बनें । कार्यक्रम के दौरान ग्राम संगठ्न के द्वारा उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले सखियों को पुरस्कृत भी किया गया । मौके पर सहिया साथी पुनम सौरभ, रिंकी गुप्ता ,उर्मिला देवी ,वीनीता वर्मा ,नीरु शर्मा राखी कुमारी, संगीता देवी , मुन्नी देवी ,सुमित्रा देवी ,रानी देवी ,कविता कुमारी शर्मा उपस्थित थे । कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार , झारखंड स्टेट प्रमोशन सोसायटी ने अहम भूमिका निभाई । आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों महिलाएं और पुरुषों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## बेंगाबाद प्रखंड कार्यालय में सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत वितरण किया गांडेय विधायक ने





**अपेम लाइव :गिरीडीह बजरंगी महतो**

आज 08जुलाई को गिरिडीह जिला अंतर्गत बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत आदरणीय गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद जी ने प्रखंड कार्यालय बेंगाबाद में , नवनिर्वाचित प्रमुख, बीस सूत्री अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी,समेत कई नवनिर्वाचित पंचायत के मुखिया, प्रति निधिगण, समेत कई गणमान्य की उपस्थिति में सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के जरूरतमंद कार्ड धारियों के बीच आदरणीय विधायक जी एवम अन्य गणमान्य द्वारा शुभ वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत सभी पीडीएस दुकानदार ईमानदारी से योजना का लाभ वितरण करें अन्यथा कड़ी कार्यवाई की जायेगी। आज बेंगाबाद प्रखंड कार्यालय में मुख्य अतिथि गांडेय विधायक डॉ सरफराज साहब के हाथों, प्रमुख ,अन्य के हाथों सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत जरूरतमंद कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया, बेंगबाद के नव निर्वाचित प्रमुख मीना देवी जी, बीस सूत्री अध्यक्ष नुनु राम किस्कू उर्फ टाइगर, उपाध्यक्ष नीलकंठ मंडल, उपप्रमुख प्रतिनिधि सह वरिष्ठ नेता जैनुल अंसारी, समेत प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, समेत अन्य पदाधिकारी, कई पंचायत के नव निर्वाचित मुखिया, पंचायत समिति सदस्य गण, नव निर्वाचित मुखिया प्रतिनिधिगण, सुनील यादव, नरसिंह नारायण देव, मुखिया बारीक अंसारी, मो मिंसार, बासदेव यादव, संचालन हसनेंन आलम,नेसाब अहमद, सहनबाज अंसारी, फक्करुद्दीन अंसारी, क्यामुल जी, इनामुल हक, पप्पू पाण्डेय, उमेश तिवारी, पांचू मियां, खुर्शीद हादी अनवर, मधु मियां, समेत कई गणमान्य व्यक्ति एवम सम्मानित कार्ड धारी, डीलर, पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## रेड क्रॉस भवन में लगा कैंप दिव्यांगो को दी गई कृत्रिम अंग औरट्राई साइकिल

**अपेम लाइव :गिरीडीह बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ क०मर्स तथा मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा गिरिडीह के संयुक्त तत्वाधान में आज 08जुलाई 2022को आयोजित दिव्यांगों को निशुल्क कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर, कैलीपर, बैसाखी, ट्राई साइकिल एवं व्हीलचेयर आदि वितरण करने का समारोह आज रेड क्रॉस भवन में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित किया गया। माननीय विधायक गिरिडीह श्री सुदीव्य कुमार सोनू जी ने एक दिब्यांग व्यक्ति को ट्राई साइकिल अपने हाथों से प्रदान कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस शिविर में कुल 92 दिव्यांगों को फ्री में कृत्रिम अंग लगाए गए। 10 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, 4 दिव्यांगों को व्हीलचेयर तथा 6 दिव्यांगों को वैशाखी फ्री में प्रदान की गई। आज के इस समारोह में कार्यक्रम का संचालन चेंबर ऑफ क०मर्स के श्री विकास खेतान ने किया। सर्वप्रथम माननीय विधायक को बुके एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात चेंबर अ०फ क०मर्स के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला, सचिव प्रमोद कुमार, रेड क्रॉस के सचिव श्री राकेश मोदी एवं कार्मेल स्कूल की शिक्षिका तथा कला कुंज डांस एकेडमी की निर्देशिका श्रीमती राखी झुनझुनवाला को बुके एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को चेंबर ऑफ क०मर्स के अध्यक्ष, प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष अर्चना केडिया, प्रेरणा शाखा की सचिव रिया अग्रवाल रेड क्र०स के सचिव राकेश मोदी मारवाड़ी युवा मंच के सचिव अभिषेक छापरिया एवं माननीय विधायक श्री सुदीव्य कुमार सोनू ने संबोधित किया। माननीय विधायक ने अपने संबोधन में इस कार्यक्रम की बहुत सराहना की और आह्वान किया कि भविष्य में होने वाले ऐसे किसी भी कार्यक्रम में वे अपनी सहभागिता दिखाएंगे। इस कार्यक्रम को सफल रूप से आयोजित करने के लिए लगभग 14 चेंबर सदस्यों ने आर्थिक रूप से सहयोग दिया तथा बालमुकुंद स्पंज आयरन प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से 10 ट्राई साइकिल एवं 5 व्हीलचेयर का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में चेंबर ऑफ क०मर्स के अध्यक्ष सचिव विकास खेतान प्रेरणा शाखा की अर्चना केडिया रिया अग्रवाल पूनम चिरानिया सरिता मोदी कविता राजगढ़िया सहित कई सदस्य उपस्थित रहे साथ ही मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष धीरज जैन सचिव अभिषेक छपरिया मुकेश जालान आदि कई सदस्य भी उपस्थित थे। अंत में चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव श्री प्रमोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया और उसके बाद दिव्यांगों को उपकरण प्रदान करने का कार्यक्रम शुरू हुआ जोकि शाम तक समाप्त हुआ।

मो0 समसुल
वायरिंग, पलम्बर, मोटर फीटिंग एवं रिपेयरिंग के लिए संपर्क करे।

संपर्क सं0–8825280049

Prop.- SKG
Mob.- 7654147310, 7549147130
RS ENTERPRISES
Wholesale & Retail
Dealers & Suppliers In : Lifestyle Goods All Types Of Office, School Stationary & Equipments
DOMS LINC Rorito Camlin Reynolds Luxor Elkos HAUSER Pidilite CASIO Flair cello NATARAJ apsara Kangaro
Bakri Bazar, Dhanbad Road, Barhi (Hazaribag)

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## नगर वन योजना में शामिल हुआ उत्क्रमित उच्च विद्यालय धनयडीह विद्यालय परिवार

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत 08जुलाई को कल्याणडीह नगर वन हरियाली महोत्सव 2022 गिरिडीह पूर्वी वन प्रमंडल गिरिडीह ने आयोजित किया। पूर्वी वन प्रमंडल के द्वारा वन पर्यावरण विभाग भारत सरकार के तत्वाधान में वन रोपण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि माननीय विधायक गिरिडीह श्री सुदिव्य कुमार सोनू की उपस्थिति में उत्क्रमित उच्च विद्यालय धनयडीह की छात्राओं ने वरीय शिक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में पौधा लगाने के साथ स्वागत गीत एवम् नुकड़ नाटक प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा क्षमता से लोगों को वृक्षारोपण का संदेश दिया। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री महेंद्र दास ने सराहनीय भूमिका निभाई। शिक्षक संजीव कुमार ने बताया कि बच्चों की सहभागिता जिला स्तरीय सभी कार्यक्रमों में होती रहती है। विधालय परिवार यह महसूस करता है कि बच्चों को सह पाठ्य सहगामी गतिविधियां में सम्मिलित करने पर बच्चे उत्साहित होकर सीखने का प्रयास करते रहते हैं। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर सभी कार्यक्रमों में बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास करता रहूंगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा वर्षा कुमारी, सिफत प्रवीण, सृष्टि पांडेय, अंजलि कुमारी, पार्वती कुमारी, ममता कुमारी, करीना कुमारी, राधा रानी कुमारी, कविता कुमारी, लीलावती कुमारी , स्नेहा कुमारी, साक्षी कुमारी, अंशु कुमारी, स्वेता शर्मा के साथ कई छात्राओं ने भाग लिया।

## गिरिडीह पूर्वी वन प्रमंडल द्वारा हरियाली महोत्सव 2022आयोजित





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

08जुलाई को नगर वन क्षेत्र कल्याणडीह, पचंबा, गिरिडीह में गिरिडीह पूर्वी वन प्रमंडल द्वारा केंद्र सरकार व वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार द्धारा जारी निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव पर हरियाली महोत्सव 2022(वर्चुअल इंस्पेक्शन बाय मोयेफ एंड सीसी) का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह विधायक सुदीव्य कुमार सोनू व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, प्रवेश अग्रवाल वन प्रमंडल पदाधिकारी गिरिडीह पूर्वी वन प्रमंडल, संजीव कुमार रवि वन क्षेत्र पदाधिकारी, सोवेंद्र कुमार सहायक वन संरक्षक, राजकुमार राज सदस्य जिला पर्यावरण समिति, पुष्पा कुजूर जिला शिक्षा पदाधिकारी, शशिभूषण मेहरा उप विकास आयुक्त, मनोज कुमार अग्रवाल महाप्रबंधक सीसीएल गिरिडीह, सब्बा आलम अंसारी वन प्रमंडल पदाधिकारी पश्चिमी वन प्रमंडल, मदन गोपाल प्रसाद सहायक वन संरक्षक गिरिडीह पश्चिमी वन प्रमंडल, एसएन तिग्गा सहायक वन संरक्षक पश्चिमी वन प्रमंडल गिरिडीह मंचासिन थे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं (उत्क्रमित उच्च विद्यालय धनयडीह) ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। आदीवासी युवतियों ने मांदर की थाप पर मन. मोहक नृत्य प्रस्तुत किया। डीएवी स्कूल की छात्राओं ने खोरठा गीत पर आदिवासी वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत किया। सभी छात्राओं ने वन बचाओ अभियान को लेकर जागरूकता पैदा करने वाली नाट्य प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों को गिरिडीह पूर्वी वन प्रमंडल द्वारा पौधा देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों और छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के वृक्ष (बरगद, मौलश्री, कटहल, महोगनी, कालाशीशम, आसन , गुलर, करंज, जामुन, सागवन, महुआ, पीपल, शरीफा आदि के पौधा) लगाए। कार्यक्रम में अल्पाहार और पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरिडीह विधायक ने कहा कि वृक्षों की संख्या दिनोदिन कम होती जा रही है जिसके कारण जितनी बारिश होनी चाहिए नही हो रही है जिसका दुष्परिणाम जलसंकट के रुप में सामने है। जलस्तर काफी कम हो गया है। कहीं बारिश होती है तो कहीं धूप इसका मुख्य कारण असंतुलित पर्यावरण का होना है। विद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चें हमारा भविष्य है। झारखंड की आत्मा जंगलों में बसती है। जंगल के बगैर मानव जीवन की परिकल्पना नही की जा सकती है। हमारा गिरिडीह क्लीन सिटी ग्रीन सिटी की ओर अग्रसर है। आज के इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए गिरिडीह पूर्वी वन प्रमंडल के समस्त पदा. धिकारियों को धन्यवाद देता हूं। जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति की दी हुई जंगल रूपी सौगात तब तक ही सुरक्षित है जब तक हम सब पेड़ पौधों जंगलों के प्रति जागरूक हैं। वर्ष में कम से कम पांच पौधे लगाए और उसकी सुरक्षा करें ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रहें। बारी बारी से सभी अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया।




## 05 जुलाई को विदेशी हेंब्रम की निर्मम हत्या के मामले में हुई अभियुक्त की गिरफ्तारी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



विगत 05जुलाई 2022को खुखरा थाना क्षेत्र के गांव डुमरियाटांड, हरलाडीह ओपी जिला गिरिडीह निवासी 50वर्षीय विदेशी हेंब्रम पिता स्वर्गीय बुद्धू हेंब्रम की अज्ञात अपराधियो ने कुल्हाड़ी से काट कर निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी थी। प्राप्त सुचना के संदर्भ में खुखरा थाना कांड संख्या10/22दिनांक05/07/2022धारा 302भादवि दर्ज किया गया, जिसका अनुसंधान भार पुलीस अवर निरीक्षक शशि सिंह को सौंपा गया। अनुसंधानकर्ता द्वारा अनुसंधान के क्रम में पारिवारिक जमीन विवाद प्रकाश में आई है। तत्पश्चात् अनुसंधानकर्ता कांड में तत्परता दिखाते हुए अज्ञात अपराधकर्मी जिसका नाम केदार हेंब्रम उम्र करीब 41वर्ष पिता स्वर्गीय बुद्धू हेंब्रम सकिन डुमरियाटांड़ थाना खुखरा (हरलाडीह ओपी) जिला गिरिडीह ग्राम माधोपुर स्थित अभियुक्त के फुफेरा सादू सोबरन हांसदा पिता विश्वनाथ हांसदा के घर से दिनांक 07जुलाई को गिरफतार गया। जिसमे अभियुक्त ने घटना में शामिल होने की बात अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया। अपराधकर्मी के निशानदेही पर आज 08जुलाई को अभियुक्त के घर के पास से पुआल के ढेर में छुपाकर रखा हुआ घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी खून लगा हुआ एवं अभियुक्त का कपड़ा बरामद किया गया। कांड के उद्भेदान में पुलिस अवर निरीक्षक सीमा उरांव और शशि सिंह, सहायक अवर निरीक्षक शहजाद आलमऔर बसंत टोप्पो, आरक्षी155 अब्दुल हकीम एवं सैट 92आईआरबी 02शस्त्र बल शामिल थे। उपरोक्त जानकारी आज पपरवाटांड़ स्थित नया समाहरणालय भवन सभागार में गिरिडीह पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने प्रेस क०न्फ्रेंस आयोजित कर मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा


## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत वातावरण निर्माण के लिए मुखिया सहदेव यादव के नेतृत्व में निकाला गया जागरुकता रैली

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत केन्दुआ के नव. निर्वाचित जनप्रिय मुखिया सहदेव यादव के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चल रहे आइकोनिक सप्ताह के पांचवें दिन स्वच्छ एवं हराभरा गाँव बनाने के लिए जागरुकता रैली निक. ाला गया, इस अवसर पर नवनिर्वाचित मुखिया सहदेव यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश आजादी का पचहत्तरवां वर्ष मना रहा है जिसके तहत हम सभी सरकार द्वारा निर्देशित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन लगातार अपने पंचायत में कर रहे हैं और आने वाले दिनों में पंचायत की चहुंमुखी विकास के लिए हमेशा सार्थक प्रयास किया जाएगा . मौके पर मुखिया सहदेव यादव , पंचायत सचिव राज कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य सलीम अंसारी, उप मुखिया सिराज अंसारी , पुर्व समिति प्रतिनिधि विजय यादव , शिक्षक रंजीत कुमार ,अशोक कुमार, इक़बाल अंसारी, सेविका ज्योति कुमारी, अनिता कुमारी, सजदा खातून , साहिना खातून ,सहिया साथी मुन्नी देवी ,संतोष कुमार सहित सभी वार्ड सदस्य एवं स्वयं सहायता समूह की सदस्य उपस्थित थीं.

## सोनू ने आईटीआई के छात्रों को बस मुहैया कराने की मांग की





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : युवा समाज सेवी सोनू इराकी ने एनटीपीसी आईटीआई के विद्यार्थियों को बस मुहैया कराने की मांग कि है। जहां सोनू ने कॉलेज के प्रिंसिपल को अवगत कराते हुवे कहा कि बस नहीं रहने के कारण छात्रों को काफी क०लेज आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं । विद्यार्थी टाइम से पहुंचने के लिए तेज गति से जा रहे ट्रैक्टर दोपहिया व चार पहिया वाहन को रुकवाने का प्रयास करते हैं जिससे वह चोटिल भी हो सकते हैं छात्रों की इस समस्या को देख युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू ने काफी अफसोस जाहिर किया। एनटीपीसी एक महारत्न कंपनी है जिसमें विद्यार्थियों के समझ हो रही परेशानियों से मुंह नहीं मोड़ना चाहिए । बड़कागांव चौक के पास घंटों खड़ा हो कर गाड़ी का इंतजार कर आईटीआई कॉलेज विधार्थी पहुंचते हैं ।सभी विद्यार्थी विस्थापित क्षेत्र से आते हैं बावजूद समय से पढ़ाई करने के लिए कोई 1 किलोमीटर तो कोई 11 किलोमीटर पैदल सफर कर क०लेज पहुंचते हैं। जहां शाहिद उर्फ सोनू ने कॉलेज पहुंच क०लेज के छात्रों से मुलाकात कर उन्हें जल्द ही एनटीपीसी से समय पर बस मुहैया कराने का आश्वासन दिया है। ताकि आईटीआई के बच्चे समय पर पहुंचकर उचित शिक्षा प्राप्त कर बड़कागांव का नाम रोशन कर सकें।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## पूर्व विधायक ने किया सरकारी दफ्तरों का औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : शुक्रवार को धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने गांवा प्रखंड के विभिन्न दफ्तरों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। सबसे पहले श्री यादव बाल परियोजना कार्यालय पहुंचे कार्यालय पहुंचकर जहां उन्होने प्रभारी बाल परियोजना अधिकारी दीपक प्रसाद को आंगनवाड़ी में चल रहे विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते कहा कि प्रखंड के कई आंगनवाड़ी केन्द्र की स्थिति दयनीय है। कई केंद्र में ताला लटका हुए हैं तो कई सेविका केंद्र सुध लेने तक नहीं पहुंचती है। उन्होंने बाल परियोजना अधिकारी से सभी केंद्रों का निरीक्षण करने का अपील किया। साथ ही दोषी पाए जाने वाले सेविकाओं पर कार्रवाई करने की भी मांग की। उन्होंने कहा है कि आंगनबाड़ी सेविका केंद्र के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रही है जो गलत है। इसके बाद पूर्व विधायक प्रखण्ड संसाधन केंद्र पहुंचे जहां उन्होंने पाया कि बीपीओ गंगाधर पांडे शिक्षकों का बैठक कर रहे थे। बैठक में ही उपस्थिति दर्ज कर पूर्व विधायक ने एमडीएम व छात्रवृत्ति के पैसे का ब्यौरा लिया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बच्चों को पूरा पूरा पैसा दिया जाए अन्यथा शिकायत मिलने पर ऑडिट भी किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने कार्यशैली में सुधार लावे और बच्चों के हित के लिए कार्य करें।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी नवनिर्वाचित मुखिया के साथ किया बैठक

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में नवनिर्वाचित मुखियाओं के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में मुख्य रूप से एक दूसरे के परिचय पर चर्चा किया गया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिक. ारी ने कहा कि सभी मुखियागण एंव अधिकारी एक दूसरे से समन्वय बनाकर कार्य करे ताकि क्षेत्र का समुचित विकास हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अपने अपने पंचायतों के जन हित के कार्यों को चयनित करे ताकि जरूरतमंदों तक लाभ पहुंच सके। मौके पर गांवा मुखिया कन्हाई राम, सांख मुखिया प्रियंका कुमारी, बिरने मुखिया चंदन कुमार, मंझने मुखिया रूपा श्री सिंह, पिहरा पूर्वी मुखिया सबदर अली, पिहरा पश्चिमी मुखिया अमित गुप्ता , सेरुआ मुखिया गुरसहाए रविदास आदि सभी पंचायतों के मुखिया उपस्थित थे।

## गावां थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित





**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गावां थाना परिसर में शुक्रवार को बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बीडीओ महेन्द्र दास एवं संचालन थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने किया। बैठक में प्रशासन के अधिकारी, तमाम पंचायतों से जनप्रति. निधियों एवं प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। सभी ने मिलजुल कर शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील लोगों से की। इस दौरान लोगों ने कहा कि एक दूसरे का त्यौहार का सम्मान करें, सहयोग करें और आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मिलजुल कर त्योहार मनाएं । थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने लोगों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी देर शाम तक बाहर ना रहे इस बात का ख्याल रखा जाए। त्यौहार को मिलजुल कर सौहार्द के साथ मनाएं। मौके पर अंचल अधिकारी दीपक प्रसाद, दीपक कुमार सिंह, भाग 2 ज़िप सदस्य पवन चौधरी, पूर्व जीप सदस्य ईमरान अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, मुखिया कन्हाई राम, चंदन कुमार, निरंजन सिंह, नंदलाल सिन्हा अमित कुमार,सागर चौधरी, मेराज उद्दीन, मकसूद आलम समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बाल मजदूरी के रोकथाम को लेकर जन सेवा परिषद व चाइल्ड लाइन के द्वारा बड़का गांव के कई गांव में कर रहे क्षेत्र भ्रमण, लोगों को कर रहे जागरूक

### बाल मजदूरी बच्चों से उनके आने वाले शिक्षित व्यवहार के अधिकार को छीन लेती है : रंजीत चौबे

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : इन दिनों बड़कागांव में हो रहे बाल मजदूरी को लेकर स्वयंसेवी संस्था जन सेवा परिषद 2014 से चाइल्ड लाइन 1098 एवं सीएससीएल के सहयोग से घूम-घूम कर लोगों को जागरूकता फैला कर डोर टू डोर भृमण कर प्रचार वाहन के माध्यम से आम लोगों के बीच बैठक कर बाल मजदूरी को बड़कागांव से दूर करने को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है । बड़कागांव में कई गांव ऐसे हैं जहां कोविड-19 के प्रकोप के कारण उनकी आर्थिक स्थिति भी दयनीय हो गई है जिससे तंग आकर वहां के बच्चे माइ. निंग से डंप एरिया तथा मुख्य मार्ग पर वाहनों से ले जाने के क्रम में गिरे हुए कोयला को चुनते नजर आ रहे हैं। जिससे बच्चों का ध्यान शिक्षा से दूर होती जा रही है। एवं उनके जान माल की भी खतरा बनी है। इसी क्रम में कोयला चुनने वाले बच्चे से पूछा गया तो उन्होंने बतलाया कि उसके पिता एक छोटे किसान थे परंतु उनकी जमीन कंपनी में चले जाने के कारण वह बेरोजगार हो गए हैं और उनके घर में इनकम का कोई साधन नहीं बचा। परिवार वालों का भरण पोषण हो इसके लिए वह कोयला चुनकर बेचने को विवश हैं। जिसे लेकर चाइल्ड लाइन के टीम लीडर रंजीत चौबे ने कहा कि बाल मजदूरी बच्चों से उनके आने वाले शिक्षित व्यवहार के अधिकार को छीन लेती है और वे पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी के चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकल पाते हैं । बाल मजदूरी शिक्षा में बहुत बड़ी रुकावट है, जिससे बच्चों के स्कूल जाने में उनकी उपस्थिति और प्रदर्शन पर खराब प्रभाव पड़ता है।

## कांडतरी पंचायत के महूदी में मना आजादी के अमृत महोत्सव

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : कांडतरी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय महूदी के सभागार भवन में पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार चौबे की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिस का संचालन रोजगार सेवक महेंद्र कुमार द्वारा किया गया । बैठक में मुख्य रूप से कांडतरी पंचायत के उप मुखिया राज देव महतो, पंचायत के सभी वार्ड सदस्य ,जल सहिया, आंगनबाड़ी केंद्र की से. विका, सहायिका, स्वास्थ्य विभाग की सहिया दीदी, विद्यालय के सभी पारा शिक्षकों तथा ग्राम महूदी के सदर मोहम्मद फारुख ने भाग लिया । बैठक में मुख्य रूप से जल संरक्षण साफ सफाई एवं पर्यावरण को साफ सुथरा बनाने पर चर्चा किया गया । रंजीत कुमार चौबे द्वारा सभी मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए बताया गया की हमारे जीवन में जल का क्या महत्व है जल ही जीवन है और जल को हम सभी मिलकर कैसे संरक्षित कर सकते हैं इसके लिए पंचायत स्तर पर सरकार द्वारा गठित मुखिया, पंचायत समिति सदस्य ,वार्ड सदस्य, पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया एवं अन्य को मिलाकर पूरे पंचायत में कुल 66 लोग होते हैं और अगले 1 महीने में सभी जल संरक्षण के प्रति पहले अपने आप को सजग करते हुए हर एक घर में 1-1 सोख्ता गड्ढा बनाएंगे तथा अन्य जिन जिन तरीकों से पानी की बर्बादी हो रही है उसको रोकने का प्रयास करेंगे । तथा पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने हेतु सभी लोग कम से कम 1-1 पेड़ लगाएंगे । इसके बाद जितने भी ग्रामीण हैं उन को जागरूक करेंगे इसके बाद सभी ग्रामीणों से आग्रह करके तथा जागरूकता फैलाकर हर एक घर में सोख्ता गड्ढा एवं पानी की बर्बादी को रोकने के लिए प्रयास करेंगे । रंजीत कुमार चौबे द्वारा बताया गया की आने वाले समय में जल संकट सबसे बड़ी समस्या बनकर हमारे जीवन को प्रभावित करेगी इसलिए अगर संकट से बचना है तो अभी से जल संचय करना शुरू करें नहीं तो हमारे बच्चों को पीने योग्य पानी नसीब नहीं होगा इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में चुने गए जनप्रतिनिधि एवं सरकार द्वारा ग्राम स्तर एवं पंचायत स्तर पर सभी कार्यकर्ता एवं सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया ।

